शेरोवाली मैया मेरी लाज रखना

शेरोवाली मैया मेरी लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना,
माँ अटल हमारा सुहाग रखना॥

पायल हूँ लाई मईया याद रखना,
बिछवे हूँ लाई मईया याद रखना,
महावर की मईया तू लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना,
शेरोवाली मैया मेरी लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना॥

साड़ी हूँ लाई मईया याद रखना,
लहंगा हूँ लाई मईया याद रखना,
मईया लाल लाल चुनरी की लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना,
शेरोवाली मैया मेरी लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना॥

चुडी हूँ लाई मईया याद रखना,
कंगना हूँ लाई मईया याद रखना,
मेहंदी की लाली की माँ लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना,
शेरोवाली मैया मेरी लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना॥

हार हूँ लाई मईया याद रखना,
माला हूँ लाई मईया याद रखना,
नथनी की मईया तू लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना,
शेरोवाली मैया मेरी लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना॥

कुण्डल हूँ लाई मईया याद रखना,
बाली हूँ लाई मईया याद रखना,
होठो की लाली की लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना
शेरोवाली मैया मेरी लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना॥

बिंदिया हूँ लाई मईया याद रखना,
टिका हूँ लाई मैया याद रखना,
सिदुंर की मईया तू लाज रखना,

अटल हमारा सुहाग रखना,
शेरोवाली मैया मेरी लाज रखना,
अटल हमारा सुहाग रखना॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24123/title/sherowali-mayia-meri-laaj-rakhna

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |